श्रद्धांजलि (CONDOLENCE)

राष्ट्रीय तीरंदाज की सड़क हादसे में मौत, झरिया में हुई थी घायल

- जमशेदपुर में इलाज के दौरान तोड़ा दम

वरीय संवाददाता ▷ धनबाद

राष्ट्रीय तीरंदाज मिनी टुडू (19) की मौत गुरुवार को इलाज के दौरान जमशेदपुर में हो गयी. वह बुधवार को यहां झरिया दुखहरणी मंदिर के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गयी थी. गुरुवार को उसका शव उसके पैतृक गांव पुरुलिया (पबं) ले जाया गया. अंतिम संस्कार वहीं किया जायेगा. मिनी धनबाद के डिगवाडीह में अपने पिता ठाकुर दास टुडू के साथ रहती थी. पिता टाटा में कर्मचारी हैं.

परीक्षा केंद्र देख कर लौट रही थी: मिनी टुडू सिंदरी कॉलेज सिंदरी की इंटर की छात्रा थी. गुरुवार से उसका एक्जाम था. बुधवार को धनबाद में परीक्षा केंद्र देख कर जब स्कूटी से लौट रही थी तो उसकी स्कूटी डिवाइडर से टकरा गयी. वह बुरी तरह घायल हो गयी थी.

नेशनल में मिला था गोल्ड

मिनी के कोच शमशाद ने बताया कि वह डिगवाडीह टाटा अर्चरी सेंटर में पिछले कई सालों से ट्रेनिंग ले रही थी . वह सिर्फ धनबाद या झारखंड ही नहीं, बल्कि अर्चरी में देश का नाम रोशन करने की क्षमता रखती थी . लेकिन उसकी मौत के साथ सारे सपने चकनाचूर हो गये . टाटा के खेल पदाधिकारी बाला शंकर झा ने बताया कि वर्ष 2015 में सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में मिनी ने गोल्ड मेडल जीता था. अभी तक वह छह बार नेशनल खेल चुकी थी और उससे हम लोगों को काफी उम्मीद थी . मिनी ने 2010 से 2017 तक टाटा फीडर सेंटर में ट्रेनिंग ली थी .

श्रद्धांजलि (CONDOLENCE)

SINDRI COLLEGE, SINDRI

श्रद्धांजलि (CONDOLENCE)

SINDRI COLLEGE, SINDRI

श्रद्धांजलि (CONDOLENCE)

श्रद्धांजलि (CONDOLENCE)